# व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण
# (Personal Protective Equipment- PPE)

## State Institute of Health and Family Welfare

# आवश्यकता

ISO 9001:2015 Certified Institution

यह दिशा–निर्देश स्वास्थ्य सेवा प्रदाता तथा अन्य व्यक्ति के लिए है जो फ्रंटलाइन, क्वारेन्टाइन केन्द्र, चिकित्सालय, प्रयोगशाला, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल/समुदाय स्तर पर कार्य कर रहें हैं।


इस दस्तावेज में व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण के उपयोग विभिन्न प्रकार कैसे किया जाता है, जिसका विवरण दिया गया है।

ISO 9001:2015 Certified Institution

# कोरोना वायरस

- शुरूआत में नोवेल कोरोना वायरस का फैलाव सीफूड बाजार, वुहान सिटी, हुबेई प्रांत, चीन देश के मध्य दिसम्बर 2019 मे देखा गया था। अब यह वायरस विश्व के अधिक देशों में फैल चुका है जिसमें भारत भी शामिल है।
- इस बिमारी को कोरोना वायरस या COVID-19 के नाम से जाना जाता है

# संचरण का माध्यम




**COVID-19** से सबसे जयादा संक्रमित होने का जोखिम है जो **COVID-19** मरीज के सम्पर्क में हैं या देखभाल करते है।

# व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण
# (Personal Protective Equipment)

ISO 9001:2015 Certified Institution

व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (Personal Protective Equipment) को इस प्रकार तैयार किये गयें हैं जिससे स्वास्थ्य सेवा प्रदाता को जैविक या रासायनिक एजेंट से होने वाले खतरे से बचा जा सकता है।

# पी.पी.ई के मुख्य घटक

ISO 9001:2015 Certified Institution

- व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (Personal Protective Equipment) में शामिल हैं – चश्मा/गोगल, फेश–शील्ड, मास्क, दस्तानें, कवरआल/गाउन (एप्रन के साथ या साथ नही)।






# फेस शील्ड तथा चश्में/गॉगल्स

ISO 9001:2015 Certified Institution

- ऑख, नाक और मुंह के श्लेष्म झिल्ली का संदूषण, किसी के खांसी या छींक से उत्पन्न बूंदों से होती है। अनजाने में एक संक्रमित या दूषित हाथ से ऑख, नाक और मुंह को छूने से सक्रमण हो सकता है।
- इसलिए फेस शील्ड तथा चश्में/गॉगल्स का उपयोग करके ऑख, नाक और मुंह के श्लेष्म झिल्ली की सुरक्षा, मानक और सम्पर्क सावधानियों का एक अभिन्न अंग है।

- चश्में या फेस शील्ड का कॉच आर–पार दिखाई देने वाले हो, अच्छे से फिट होने वाले, सभी सतहों पर Elastic Band अथवा Adjustable Holder से ढका हुआ हो।
- चेहरे की त्वचा को अच्छे से चिपक सके
- लचीला फ्रेम जो कि हर तरह से चेहरे के आकार के बिना अधिक ताकत लगाएं आसानी से फिट हो सके
- कोहरे, भाप एवं खरोंच प्रतिरोधी
- फ्रेम, जो कि आवश्यकतानुसार सेट किया जा सके जिससे कार्य करते वक्त चश्मा ढीला न पड़े
- एक से अधिक बार उपयोग में लिए जा सके तथा आसानी से विसंक्रमित किया जा सके
- गुणवत्ता मानक निम्न  अनुसार या इसके सामान हो–

a. EU standard directive 86/686/EEC, EN 166/2002

b. ANSI/SEA Z87.1-2010

# गॉगल्स के पुन: प्रसंस्करण (re-processing) पुन: उपयोग पर सलाह

ISO 9001:2015 Certified Institution

- पीपीई किट के उपयोग के बाद इसके अवयवों को bio-medical Waste रूप में छोड़ दिया जाता है ।
- यदि गोगल्स निर्धारित EN / Bureau of Indian Standards (BIS) specifications के अनुरूप हैं तो उचित कीटाणुशोधन के बाद पुन: उपयोग मे लिया जा सकता है
- चश्मे का पुन: उपयोग विसंक्रमित करके किया जाना चाहिए व इस का उपयोग एक ही व्यक्ति द्वारा किया जाये ।



ISO 9001:2015 Certified Institution

- चश्में की **सफाई के लिए निर्माता के निर्देशों का पालन करें**
- **यदि ऐसा निर्देश उपलब्ध नहीं है, तो**
- **दस्ताने पहन** कर चश्में या फेस शील्ड को **साबुन / □टर्जेंट और पानी से साफ** करे।
- **फिर 1% ताजे तैयार सो□यम हाइपोक्लोराइट में** 10 मीनट के लिये डूबोये
- पुनः चश्में को साफ पानी से धोकर साफ सतह पर हवा में सूखने के लिये रखे।
- इसे किसी साफ पेपर बैग में पुनः उपयोग के लिये पैक करे ।
- गल्ब्ज उतार कर डीस्पोज करे व हाथों को धोये ।
- विसंक्रमिंत चश्में या फेस शील्ड का उपयोग 4–5 बार किया जा सकता है ।

# मास्क

ISO 9001:2015 Certified Institution

- कोरोनावायरस मुख्य रुप से ऊपरी और निचले श्वसन पथ को लक्षित करते है। इसलिए खॉसी या छींक से उत्पन्न बूंदों/एरोसोल द्वारा उत्पन्न कण पदार्थ से वायुमार्ग (सांस नली) की रक्षा करना, मानव संक्रमण को रोकता है। संक्रमित व्यक्ति के खांसी या छींक से उत्पन्न बूंदों के माध्यम से या संक्रमित हाथ के माध्यम से नाक और मुंह के श्लेष्म झिल्ली का संदूषण भी वायरस को आसानी से उस मनुष्य के शरीर में प्रवेश करने देता हैं। इसलिए COVID-19 के एक संदिग्ध या कन्फर्म्ड केस से निपटने के खॉसी या छींक से उत्पन्न बूंदों या वायु–जनित रोगों से बचाव के लिए मास्क के प्रयोग जैसी सावधानियां महत्वपूर्ण है।
- कार्मिकों की श्रेणी तथा उनके कार्य के जोखिम के अनुसार मास्क का उपयोग किया जाता है। दो प्रकार के मास्क है मास्क का उपयोग चिकित्सालय, समुदाय तथा कार्य पर्यावरण के अनुसार किया जाता हैं। दो प्रकार के मास्क निम्मानुसार है–

1. ट्रिपल लेयर मेडिकल मास्क (त्रिपरतीय चिकित्सीय मास्क)
2. एन–95 रेस्पिरेटर मास्क

# ट्रिपल लेयर मेडिकल मास्क (त्रिपरतीय चिकित्सीय मास्क)

- ट्रिपल लेयर मेडिकल मास्क (त्रिपरतीय चिकित्सीय मास्क) डिस्पोजेबल तथा द्रव प्रतिरोधी मास्क है, जो पहनने वाले को खॉसने/छीकनें/बात करने के दौरान निकलने वाली संक्रामक ड्रॉपलेट से बचाता है।
- 3 माइक्रोन तक के कणो को 99 प्रतिशत तक छानने की क्षमता रखे
- आई.एस.आई. (ISI) मानक के अनुसार हो



# एन–95 रेस्पिरेटर मास्क

ISO 9001:2015 Certified Institution

- एन–95 रेस्पिरेटर मास्क एक श्वसन सुरक्षा उपकरण है जो एअरबोर्न पार्टिकल को उच्च फिल्टरेशन करने की दक्षता रखता है। पहनने वाले को आवश्यक हवा सील प्रदान करता है,
- मास्क इस प्रकार का डिजाइन किया गया है कि जो चेहरे पर सही प्रकार से फिट हो सकें। इस तरह के मास्क में उच्च द्रव प्रतिरोधी, अच्छी श्वसन क्षमता (एक श्वसन वाल्व के साथ बेहतर), स्पष्ट रूप से पहचानने योग्य आंतरिक तथा बाहरी चेहरे, डकबिल/कप साइज का डिजाइन होता है मुँह पर लगाने पर कोई परेशानी न हो।



ISO 9001:2015 Certified Institution

- आकार, ऐसा कि आसानी से विकृत ना हो सके।
- आसानी से सांस ली जा सके, साथ की सांस बाहर करते समय बाहरी वाल्व का होना
- चिकित्सकीय एन–95 रेसपिरेटर की गुणवत्ता मानको निम्न अनुसार या इसके सामान हो
- a. NIOSH N95, EN 149FFP2, or equivalent
- Fluid Resistance: Minimum 80 mmHf pressure based on ASTM F1862, ISO 22609, or Equivalent

# करें / ना करें

ISO 9001:2015 Certified Institution

**करें**

- सुनिश्चित करें कि मास्क आपकी संक्रमित बूंदो (Droplets) से आपको सुरक्षित रखें।
- सुनिश्चित करें कि मास्क ढीला या फटा हुआ ना हो।
- मास्क को अच्छी तरह से बांधें।
- क्लीनिकल प्रक्रिया व पेशेन्ट की जांच के बाद मास्क हटा दें।
- बांधने वाले मास्क में पहले नीचे की डोरी खोले व बाद में ऊपर वाली डोरी खोले।
- मास्क पहनने से पहले व उतारने के बाद में हाथ धोयें। मास्क के लूप या डोरी को पकडें व अच्छी तरह से डिस्पोज करें।

ISO 9001:2015 Certified Institution

## ना करें

- फटे व बेकार मास्क का उपयोग ना करें।
- मास्क को एक कान में या गले में झूलता हुआ ना रखें।
- मास्क को पुनः उपयोग में ना ले।
- उपयोग में लेने के बाद मास्क के बाहरी हिस्से को ना छुए।

# दस्तानें

ISO 9001:2015 Certified Institution

- जब कोई COVID-19 से संक्रमित व्यक्ति द्वारा छूई गयी सतह/वस्तुओ को सामान्य व्यक्ति छूता है और वह अपने मुंह, नाक तथा नाक को छूता है तो वह वायरस के सम्पर्क में आ सकता है।
- इस संचरण के माध्यम को रोकने तथा COVID-19 के संदिग्ध/पुष्टि मामलों की देखभाल करते समय दस्तानें का उपयोग करना चाहिए,
- नाइट्राइल दस्ताने का उपयोग करना चाहिए, क्योंकि वे रसायनों का प्रतिरोध करते हैं, जिसमें क्लोरिन जैसे कुछ कीटाणुनाशक भी शामिल हैं।





- बाहर वाले दस्ताने कम से कम मध्य बांह तक पहुंचे (न्यूनतम लंबाई 280 मी.मी. की हो)
- विभिन्न माप (6.5 और 7)
- गुणवत्ता मानकों निम्न या समकक्ष के अनुसार होः–

a. EU standard directive 93/42/EEC class I, EN 455

b. EU standard directive 89/686/EEC Category Ill, EN 374

c. ANSI/SEA 105-2011

d. ASTM D6319-10

# करें / ना करें

ISO 9001:2015 Certified Institution

## करें

- संक्रमण से बचने के लिए दस्ताने का उपयोग करें।
- ग्लवज पहनने से पहले व उतारने के बाद हाथ साबुन व पानी से साफ करें।
- प्रत्येक कार्य के बाद ग्लवज को बदलें।
- ग्लवज आपके हाथ में अच्छी तरह से फिट होने चाहिए।

ISO 9001:2015 Certified Institution

## ना करें

- ग्लवज को पुनः उपयोग में ना लें।
- हाथों को धोने से बचने के लिए ग्लवज का उपयोग ना करें।
- जो हेंडवाश मान्यता प्राप्त नही हो उनका प्रयोग ना करें।
- फटे व बेकार ग्लवज का उपयोग ना करें।
- ग्लवज पहनते समय अपने चेहरे को ना छुए।
- एक ही ग्लवज का उपयोग पेंशेन्ट को देखने के लिए ना करे।
- ग्लवज का पूर्णतया डिस्पोजल ना भूले।

# कवर ऑल/गाउन/सम्पूर्ण ढकने के लिए

- कवर ऑल/गाउन को स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के शरीर को वायरस के सम्पर्क से बचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। कवर ऑल/गाउन सम्पूर्ण सुरक्षा प्रदान करते हैं क्योंकि वे पूरे शरीर को ढकने के लिए बनाए गए हैं, जिसमें पीठ और पैरों के निचले हिस्से और कभी–कभी सिर और पूरे पैर भी ढक जाते है।
- उपयुक्त सुरक्षात्मक कपड़ों का उपयोग करके, खॉसी या छींक से उत्पन्न बूंदों से सम्पर्क तथा जोखिम को खत्म करने या कम करने के लिए के लिये बनाया गया है **इससे संदिग्ध या कन्फर्म्ड किए गए COVID -19 केसों या उनके स्त्राव के करीब (2 मीटर के भीतर) काम करने वाले स्वास्थ्य सेवा प्रदाता की रक्षा होगी।**

- कवर ऑल और गाउन स्वास्थ्य कर्मियों के लिए संक्रमण को कम करने में अधिक प्रभावी है,। गाउन को पहनना और उतारना काफ़ी आसान है।
- कवर ऑल/गाउन उच्च मानक के होते है, जो रासायनिक खतरों से बचाने के लिए जैविक रुप से संक्रमित ठोस कणों से सम्पर्क को रोकता है।

ISO 9001:2015 Certified Institution

- रक्त एवं अन्य शारीरिक श्राव हेतु अपारगम्य
- एक बार ही उपयोग में लाया जा सके
- अस्वीकार्य रंगों को उपयोग में नहीं लाए – जैसे काला रंग
- प्राथमिक तौर पर हल्के रंग उपयोग में लाए जिससे आसानी से सम्भावित मैलेपन (गंदा होना) दिखाई दे

गुणवत्ता मानक निम्न अनुसार या इसके समान होः–

a. Meets or exceeds ISO 16603 class 3 exposure pressure, or equivalent

# करें / ना करें

ISO 9001:2015 Certified Institution

## करें

- खून या फ्लूड के संपर्क में आने, संक्रमित मरीज के पास जाने से पहले व किसी भी तरह के सर्जिकल प्रक्रियाओं के दौरान गाउन का उपयोग करें।
- गाउन का उपयोग निर्देशानुसार ही करे।
- सुनिश्चित करे कि गाउन पूर्णतया शरीर को कवर करें। गाउन कलाई पर फिट रहे, ग्लवज को गाउन की बांह को ऊपर रखें।
- गाउन को धीरे–धीरे अन्दर से बाहर की तरफ रोल करते हुए उतारें। शरीर से दूर रखे।
- संक्रमित आगे का हिस्सा व बांहो को अंदर की तरफ लपेटते हुए रोल करें।
- गाउन निर्धारित जगह पर ही पहने व उतारें।
- गाउन को निर्धारित स्थान पर डिस्पोजल के लिए डालें।

ISO 9001:2015 Certified Institution

ना करें

- एक ही गाउन का उपयोग विभिन्न मरीजों को देखने के लिए ना करें।
- संक्रमित गाउन को मरीजो के बाहर वाले क्षेत्र में ना पहने (नर्सिंग स्टेशन, हॉल, वेटींग ऐरिया)
- गाउन की बांह को फोल्ड ना करें व ज्यादा नीचे भी ना करें।
- संक्रमित गाउन को डिस्पोजल डस्टबिन में ही डाले, उसे कही भी नही टांगे।

# शू कवर

ISO 9001:2015 Certified Institution

- शू–कवर उच्च मानक के होते है ताकि इसका उपयोग व्यक्तिगत सुविधा, संरक्षण तथा कीटाणुरहित करने में किया जा सके।
- उसी वस्तु (कपड़े) से बनाए जाए जिससे कि कवरऑल बनाए गए है
- पूरे जूते को ढके तथा टखने तक ढके



# हेड कवर

ISO 9001:2015 Certified Institution

- जब आप मरीज को क्लीनिकल देखभाल कर रहे हो तब गाउन का उपयोग करना चाहिए जिसमें हेड कवर का उपयोग करना चाहिए जिसमें सिर तथा गर्दन कवर करता हो। बाल तथा लम्बे बाल हेड कवर में पूरी तरह से ढके हों।



# पी.पी.ई का तर्कसंगत उपयोग

ISO 9001:2015 Certified Institution

- पी.पी.ई. का उपयोग स्वास्थ्य देखभालकर्ता के जोखिम के अनुसार किया जाना है। पी.पी.ई. का उपयोग निम्नानुसार विभिन्न परिस्थितियों में किया जाना है–

# प्वाइंट ऑफ इन्ट्री (प्रवेश की जगह पर)

| क्रम संख्या | सेंटिंग व्यवस्था | गतिविधि | खतरा | अनुमोदित पीपीई | टिप्पणीयां |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हेल्पडेस्क | यात्रियों को उपलब्ध कराना सूचना | निम्न खतरा | ट्रिपल मेडिकल मास्क दस्ताने लेयर | कम से कम 1 मीटर की दूरी बनाये रखें |
| 2 | आप्रवास काउंटर, सीमाशुल्क तथा हवाई अड्डा सुरक्षा | यात्रियों को सेवा उपलब्ध कराना | निम्न खतरा | ट्रिपल लेयर मेडिकल मास्क दस्ताने | कम से कम 1 मीटर की दूरी बनाये रखें |
| 3 | तापमान स्टेशन | रिकार्डिंग | हैंड हेल्ड थर्मल रिकार्डर से तापमान रिकार्ड करना | निम्न खतरा | ट्रिपल लेयर मेडिकल मास्क दस्ताने |
| 4 | एपीएचओ / पीएचओ का होल्डिंग क्षेत्र / आइसोलेसन क्षेत्र | चिकित्सक / नर्सिंग कर्मी के द्वारा साक्षात्कार / क्लीनिकल जांच | मध्यम खतरा | एन–95 मास्क दस्ताने | |

| क्रम सख्या | सेंटिंग व्यवस्था | गतिविधि | खतरा | अनुमोदित पीपीई | टिप्पणीयां |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 | एपीएचओ का आइसोलेसन क्षेत्र | चिकिसक/नर्सिंग कर्मी के द्वारा क्लीनिकल जांच | मध्यम खतरा | एन–95 मास्क, दस्तानें | |
| | | गम्भीर बीमार व्यक्तियों की देखभाल | उच्च खतरा | पीपीई का पूर्ण पूरक | जब एयरोसेल उत्पन्न करने की प्रक्रिया का अनुमान लगाया जाता है। |
| 7 | सफाई कर्मी | बार बार छुए जाने वाले सतह/फर्श/गंदे कपड़ो की सफाई | मध्यम खतरा | एन–95 मास्क, दस्तानें | |
| 8 | प्रशासनिक कर्मचारी | प्रशासनिक सहयोग प्रदान करना | खतरा नही | पीपीई नही | कोविड–19मरीज सेसम्पर्क नही। ऐसे क्षेत्र में नही जाये जहां कोविड–19मरीज का प्रबंधन हो रहा हो। |

# हास्पिटल सेटींग/व्यवस्था
## ओ.पी.डी. (श्वसन क्लीनिक / अलग स्क्रीनिंग क्षेत्र) :

| क्रम संख्या | सेटिंग व्यवस्था | गतिविधि | खतरा | अनुमोदित पीपीई | टिप्पणीयां |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ट्राइएज क्षेत्र | ट्राइएज रोगी रोगी को तीन सतह वाली या ट्रिपल लेयर मास्क प्रदान करें | मध्यम खतरा | एन–95 मास्क दस्तानें | रोगियों को मास्क मिलता है |
| 2. | स्क्रीनिंग क्षेत्र हेल्पडेस्क / पंजीकर ा काउंटर | यात्रियों को सूचना उपलब्ध कराना | मध्यम खतरा | एन–95 मास्क दस्तानें | |
| 3. | तापमान रिकार्डिंग स्टेशन | हैंड हेल्ड थर्मल रिकार्डर से तापमान रिकार्ड करना | मध्यम खतरा | एन–95 मास्क दस्तानें | |
| 4. | होल्डिंग क्षेत्र /प्रतीक्षा स्थल | नर्सिंग कर्मी /पैरामेडिकल कर्मी के द्वारा रोगियों के साथ बातचीत करना | मध्यम खतरा | एन–95 मास्क दस्तानें | 1 मीटर की न्यूनतम दूरी को निश्चित करना |
| 5. | चिकित्सक का कक्ष | चिकित्सीय/ क्लीनिकल/नैदानिक प्रबंधन (डाक्टर, नर्स) | मध्यम खतरा | एन–95 मास्क दस्तानें | एयरोसोल पैदा होने वाली गतिविधियों की मनाही हो |

| क्रम संख्या | सेंटिंग व्यवस्था | गतिविधि | खतरा | अनुमोदित पीपीई | टिप्पणीयां |
|---|---|---|---|---|---|
| 6. | सफाई कर्मी | बार बार छुए जाने वालेसतह/फर्श/गंदे कपड़ो की सफाई | मध्यम खतरा | एन–95 मास्क दस्तानें | |
| 7. | छोटे बच्चों तथा वृद्धों के साथ जाने वाले आगंतुक | विभिन्न सेवा प्राप्ती क्षेत्रों में पहुंच को सरल बनाना/मदद करना | निम्न खतरा | ट्रिपल लेयर मेडिकल मास्क | रोगी के साथ किसी भी आगंतुक को ओ.पी.डी. में आने की अनुमति न हो। सभी अनुमति प्राप्त आगंतुको को हाथ की स्वच्छता के तरीकों का पालन करना चाहिए |

## भर्ती हुए मरीज
:

| क्रम संख्या | सेटिंग व्यवस्था | गतिविधि | खतरा | अनुमोदित पीपीई | टिप्पणीयां |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | व्यक्तिगत आइसोलेसन रूम/कोहार्ट आइसोलेसन रूम | क्लीनिकल प्रबंधन | मध्यम खतरा | एन–95 मास्क दस्तानें | रोगीको मास्क लगाना है। रोगी स्थिर है। रोगी एअरोसेल गतिविधि नही हैं |
| 2 | आई.सी.यु /क्रिटिकल केयर | गम्भीर देखभाल प्रबंधन | उच्च खतरा | पीपीई के पूर्ण पूरक | जब एयरोसेल उत्पन्न करने की प्रक्रिया का अनुमान लगाया जाता है। |
| 3 | आई.सी. यु/क्रिटिकल केयर | डेडबाडी पैकिंग | उच्च खतरा | पीपीई के पूर्ण पूरक | |
| 4 | आई.सी.यु /क्रिटिकल केयर | मुर्दाघर में परिवहन पर का करने | निम्न खतरा | ट्रिपल लेयर मेडिकल मास्क दस्ताने | |
| 5 | स्वच्छता | बार बार छुए जाने वाले सतह/ फर्श/ गंदे कपड़ो की सफाई | मध्यम खतरा | एन–95 मास्क दस्तानें | |
| 6 | अस्पताल का ऐसा क्षेत्र जहां पर नॉन कोविड–19 के मरीजो का प्रबंधन | संक्रमित तथा असंक्रमित मरीजो की देखभाल | मरीज का प्रबंधन के अनुसार | पीपीई, अस्पताल की संक्रमण नियत्रंण नीति के अनुसार | ऐसा क्षेत्र जहां कोविड मरीज से सम्पर्क का जोखिम न हो। न ही कोविड–19 उपचार क्षेत्र में जाकर जोखिम लेना चाहिए। |

| क्रम संख्या | सेटिंग व्यवस्था | गतिविधि | खतरा | अनुमोदित पीपीई | टिप्पणीयां |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | भर्ती मरीजों के केयर टेकर | | निम्न खतरा | ट्रिपल लेयर मेडिकल मास्क दस्ताने | केयरटेकर को हाथों की सफाई का ध्यान रखना है और कम से कम 1 मीटर की दूरी बनाए रखना है। |

# आपातकालीन विभाग

| क्रम सख्या | सेटिंग व्यवस्था | गतिविधि | खतरा | अनुमोदित पीपीई | टिप्पणीया |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आपातकालीन | आपातकालीन केसो का अटेंड करना | मध्यम खतरा | एन–95 मास्क दस्ताने | रोगी को मास्क लगाना है। रोगी स्थिर है। रोगी एअरोसेल गतिविधि नही हैं |
| | | SARI के गम्भीर रोगी को अटेंड करना | उच्च खतरा | पीपीई के पूर्ण पूरक | जब एयरोसेल उत्पन्न करने की प्रक्रिया का अनुमान लगाया जाता है। |

# प्री–हॉस्पिटल (एम्बुलेंस) सेवाएं

| क्रम संख्या | सेटिंग व्यवस्था | गतिविधि | खतरा | अनुमोदित पीपीई | टिप्पणीया |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | वेंटीलेशनके बिना | मध्यम | एन–95 | |
| | | मरीज को एम्बुलेंस से किसी नामित चिकित्सालय को स्थानांतर I करना | खतरा | मास्क दस्तानें | |
| | | परिवहन करते समय SARI से ग्रसित मरीज का प्रबंधन | उच्च खतरा | पीपीई के पूर्ण प्रूक | जब एयरोसोल उत्पन्न करने की प्रक्रिया का अनुमान लगाया जाता है। |
| | | एम्बुलेंस को चलाते समय | निम्न खतरा | ट्रिपल लेयर मेडिकल मास्क दस्ताने | चलक के द्वारामें शिफ्ट आपातकालीन मरीज को करना |

# अन्य सहायक/अधीनस्थ सेवाएं

| क्रम सं. | सेटिंग/ व्सवस्था | गतिविधि | खतरा | अनुमोदित पी.पी.ई. | टिप्पणिया |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रयोगशाला | नमूना संग्रह तथा परिवहन | उच्च खतरा | पी.पी.ई. का पूर्ण पूरक | |
| | | नमूने की जांच | उच्च खतरा | पी.पी.ई. का पूर्ण पूरक | |
| 2. | मुर्दाघर | डेडबॉडी हैंडलिंग | मध्यम खतरा | एन–95 मास्क दस्ताने | एयरोसोल पैदा करने की अनुमति नही है। शवलेप प्रक्रिया नहीं हो |
| | | शव परीक्ष करता समय | उच्च खतरा | पी.पी.ई. का पूर्ण पूरक | जब तक निर्दिष्ट न हो तब तक शव–परीक्षा (पोस्टमार्टम) न करें |
| 3. | स्वच्छता | COVID के चिकित्सा क्षेत्रों में बार बार छुए जाने वाले सतह/ फर्श/ गंदे कपड़ो की सफाई | मध्यम खतरा | एन–95 मास्क दस्ताने | |

# अन्य सहायक/अधीनस्थ सेवाएं

| क्रम सं. | सेटिंग/ व्सवस्था | गतिविधि | खतरा | अनुमोदित पी.पी.ई. | टिप्पणिया |
|---|---|---|---|---|---|
| 4. | सीएसएसडी / लॉ ड्री | COVID रोगियों के कपड़े सम्भालना | मध्यम खतरा | एन–95 मास्क | |
| 5. | अन्य सहयोगी सेवाएं | प्रशासनिक, आर्थिक, अभियान्त्रिक सुरक्षा आदि | कोई खतरा नहीं | पी.पी.ई. नहीं | COVIDरोगियों से सम्पर्क की सम्भावना नहीं है। इनको COVID-19के चिकित्सा क्षेत्रों में नहीं जाना चाहिए |

# समुदाय व्यवस्था /सेटिंग में स्वास्थ्य कर्मी

| क्रम संख्या | सेंटिंग व्यवस्था | गतिविधि | खतरा | अनुमोदित पीपीई | टिप्पणीयां |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आशा/ ऑगनवाड़ी और अन्य फील्ड स्टाफ/कर्मी | क्षेत्र की निगरानी | निम्न खतरा | ट्रिपल लेयर मेडिकल मास्क दस्ताने | कम से कम 1 मीटर की दूरी बनाए रखना हैं। निगरानी टीम पर्याप्त ट्रिपल लेयर मास्क ले जाए, जिससे कि निगरानी के समय पाए गए संदिग्ध केसों को बांटा जा सके |
| 2. | फील्ड जांच करने वाले पर्यवेक्षक स्तर के डॉक्टर | क्षेत्र की निगरानी क्लीनिकल जांच | मध्यम खतरा | एन–95 मास्क दस्तानें | |

# क्वाराइन्टाइन सुविधा/व्यवस्था

| क्रम सं. | सेटिंग/ व्सवस्था | गतिविधि | खतरा | अनुमोदित पी.पी.ई. | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जिन व्यक्तियों को क्वाराइनटाइन किया गया हो | | निम्न खतरा | ट्रिपल लेयर मास्क | |
| 2. | क्वाराइनटाइन सुविधा केन्द्रों में कार्यरत स्वास्थ्य सेवा कर्मी | स्वास्थ्य जांच तथा तापमान रिकॉर्डिंग | निम्न खतरा | ट्रिपल लेयर मास्क दस्ताने | |
| | | लक्षण दिखाई देने वले व्यक्तियों की क्लीनिकल जांच | मध्यम खतरा | एन–95 मास्क दस्ताने | |
| 3. | सहायक कर्मी | | निम्न खतरा | ट्रिपल लेयर मास्क दस्ताने | |

# होम (घर पर) क्वारन्टाइन

| क्रम सं. | सेटिंग / व्सवस्था | गतिविधि | खतरा | अनुमोदित पी.पी.ई. | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जिन व्यक्तियों को क्वाराइ्नटाइन किया गया हो |  | निम्न खतरा | ट्रिपल लेयर मास्क |  |
| 2. | मनोनीत परिवार के सदस्य | क्वाराइनटाइन किए गए व्यक्तियों की देख–रेख करते हैं | निम्न खतरा | दस्ताने | बार बार छुए जाने वाले सतह की सफाई और गंदे कपड़ों को संभालना |
| 3. | अन्य परिवार |  | कोई खतरा नहीं | पी.पी.ई. की ज़रुरत नहीं | ळोम क्वाराइनटाइन किए गए व्यक्ति से 1मीटर की दूरी बनाए रखना ।वरिष्ठ नागरिक होम क्वाराइनटाइन किए गए व्यक्तियों से दूर ही रहे |

ISO 9001:2015 Certified Institution

# पीपीई किट पहनना व उतारना

- Video

Poor Disposal practices of PPE Equipment







# शहर के गुनहगार; खुद को संक्रमण से बचाया, फिर पीपीई किट खुले में जलाया



कोरोना से बचाव और इलाज में काम आने वाली पीपीई किट एक ओर जितनी सुरक्षित है, उतनी ही खतरनाक भी। वजह यह कि काम में ली जाने वाली पीपीई किट को ऐसे ही फेंका जा रहा है और जलाया जा रहा है। ऐसे में सैकड़ों लोगों को खतरा बना हुआ है। ऐसे ही एक मामले में एसएमएस अस्पताल के बाहर जेएलएन मार्ग पर लोग पीपीई किट जलाते हुए देखे गए। नियमों के अनुसार पीपीई किट को नष्ट करने के लिए एक निजी फर्म को ठेका दिया हुआ है और वह ही उसे नियमों के अनुसार जला कर नष्ट करती है।

- बायोमेडिकल वेस्ट एक्सपर्ट और एसएमएस बायोमेडिकल वेस्ट इंचार्ज डॉ. बीपी मीणा ने बताया कि पीपीई किट जलाना घातक है। जो व्यक्ति इसे जला रहा है, सबसे पहले उसी को खतरा होगा, क्योंकि वायरस सबसे पहले उसी को प्रभावित करेगा।
- पीपीई किट को उतारने का एक पूरा प्रोसेस होता है। इसमें हर प्रोसेस बाद हाथों को सैनिटाइज किया जाता है ताकि संक्रमण व्यक्ति के शरीर पर ना रह जाए। खुले में फेंके गए कोविड वेस्ट से वायरस वातावरण में फैल सकते हैं।

## चिंताजनक; एसएमएस के हैल्थ वर्कर्स लगातार पॉजिटिव आ रहे

एसएमएस अस्पताल के पैथोलॉजी लैब में कार्यरत टेक्निशियन और एमआरआई सेंटर में कार्यरत टेक्निशियन कोरोना पॉजिटिव आए हैं। इनके अलावा नर्सिंग स्टाफ की गेस्ट्रो वार्ड में ड्यूटी थी। 24 से वह होटल तीज में क्वारेंटाइन था और 25 मई को दिए गए सैम्पल में उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अब इस मेल नर्स को एसएमएस के ही कॉटेज में भर्ती किया गया है। इसके अलावा एक अन्य अस्पताल का नर्सिंग हेल्पर भी पॉजिटिव आया है। वह स्क्रीनिंग का काम कर रहा था।

**97** हैल्थ वॉरियर्स अब तक कोरोना पॉजिटिव आ चुके हैं। इनमें 25 डॉक्टर, 40 नर्सिंग कर्मी, रेडियोग्राफर, लैब टेक्नीशियन, वार्ड बॉय व अन्य स्वास्थ्य सहयोगी शामिल हैं।

27 May 2020 Dainik Bhaskar

# स्वास्थ्य देखभाल सेटिंग्स में पीपीई की आवश्यकता को कम करें

- जहां भी संभव हो, शुरू में COVID-19 के संदिग्ध मामलों का मूल्यांकन करने के लिए टेलीमे□सिन और टेलीफोन का उपयोग करें
- COVID-19 वायरस के संपर्क को कम करने के लिए भौतिक बाधाओं का उपयोग करें, जैसे कांच या प्लास्टिक की खिड़कियां -स्क्रीनिंग क्षेत्र, आपातकालीन विभाग में पंजीकरण □स्क, या फ़ार्मेसी विं□ो में
- पोस्टपोन ऐच्छिक, गैर-जरूरी प्रक्रिया, और अस्पताल में भर्ती, पुराने रोगियों के लिए दौरे की आवृत्ति कम करें
- समर्पित स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों / टीमों को केवल COVID-19 रोगी देखभाल के लिए नामित करें ताकि वे लंबे समय तक पीपीई का उपयोग कर सकें (पीपीई का विस्तारित उपयोग)।

# पीपीई आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन तंत्र

ISO 9001:2015 Certified Institution

## PPE Supply Chain Management Mechanisms

- पीपीई की आवश्यकता का पूर्वानुमान करके आपूर्ति सुनिश्चित करें।
- **स्टॉक के दोहराव से बचने के लिए एक केंद्रीकृत अनुरोध प्रबंधन दृष्टिकोण को बढ़ावा देना**
- **पीपीई के वितरण की निगरानी करना**

# पीपीई का उपयोग करते समय याद रखने वाले बिंदु

- पीपीई स्वास्थ्य उपायों का विकल्प नहीं है। हाथ की स्वच्छता, श्वसन शिष्टाचार जो हर समय पालन किया जाना चाहिए।
- हमेशा संपर्क / संदिग्ध / पुष्टि COVID-19 मामलों से कम से कम 1 मीटर की दूरी बनाए रखें
- MoHFW की वेबसाइट पर उपलब्ध संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण दिशानिर्देश में पीपीई को निपटाने के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करें।

# धन्यवाद